॥ अर्हम् ॥

श्री दादा साहब की बड़ी पूजा

तथा

अष्ट प्रकारी पूजा

कलकत्ता निवासी स्वर्गस्थ पूज्य पिता श्री लाला
जसवंतरायजी खारड़ के स्मरणार्थ

प्रकाशित

प्रकाशक :—

हीरालाल खारड़

कलकत्ता

प्रति ५००] —: भेंट :— [संवत् २००४

पुस्तक प्राप्ति स्थान :—
हीरालालजी खारड़
डायमण्ड हाउस
१३ विवेकानन्द रोड, कलकत्ता।

मुद्रक :—
सुराना प्रिन्टिङ्ग वर्क्स
४०२ अपर चित्तपुर रोड, कलकत्ता

॥ ॐ नमः ॥

श्री दादा साहबकी बड़ी पूजा ।

पहली स्थापना स्थापन करके आह्वानका श्लोक पढ़े

(काव्यम्)

सकलगुणगरिष्ठान् सत्तपोभिर्वरिष्ठान्,
शमदमयमजुष्टांश्चारुचारित्रनिष्ठान् ।
निखिलजगति पीठे दर्शितात्मप्रभावान्,
मुनिपकुशलसूरीन् स्थापयाम्यत्र पीठे ॥१॥

ॐ ह्रीं श्रीं श्रीजिनदत्त–श्रीजिनकुशल–श्रीजिनचन्द्रसूरिगुरो अत्रावतरावतर स्वाहा । ॐ ह्रीं श्रीं जिनदत्तसूरिगुरो अत्र तिष्ठ तिष्ठ । ठः ठः ठः स्वाहा ॥

॥ इति प्रतिष्ठापनम् ॥

ॐ ह्रीं श्रीं श्रीजिनदत्तसूरिगुरो अत्र मम संन्निहितो भव वषट् ।

॥ इति संनिधिकरणम् ॥

स्नात्रीया शुचि होके जलका कलश लेके खडा रहे ।

प्रथम जल पूजा (१)

॥ दूहा ॥

ईश्वर जग चिंतामणि, कर परमेष्ठि ध्यान ।
गणधर पद गुण वर्णना, पूजन करो सुजाण ॥ १ ॥
सौधर्मा मुनिपति प्रगट, वीर जिनेश्वर पाट ।
मिथ्या मत तम हरणकों, भव्य दिखावण वाट ॥ २ ॥
सुस्थित सुप्रतिबुद्ध गुरु सूरि मंत्रको जाप ।
कोटि कीयो जब ध्यान धर, कोटिक गच्छ सुथाप ॥३॥
दशपूर्वी श्रुतकेवली, भये वज्रधर स्वाम ।
ता दिन तें गुरु गच्छको, वज्र शाख भयो नाम ॥४॥
चन्द्रसूरि भये चन्द्रसम, अतिहि बुद्धि निधान ।
चंद्रकुली सब जगतमें, पसर्यो बहु विज्ञान ॥ ५ ॥
वर्द्धमान के पाट पद, सूरि जिनेश्वर भास ।
चैत्यवासीको जीत कर, सुविहित पक्ष प्रकाश ॥ ६ ॥

अणहिलपुर पाटण सभा, लोक मिले तिहां लक्ष ।
खरतर विरुद सुधानिधि, दुर्लभराज समक्ष ॥ ७ ॥
अभयदेवसूरि भये, नव अंग टीकाकार ।
थंभणपारस प्रगट कर, कुष्ठ मिटावन हार ॥ ८ ॥
श्रीजिनवल्लभ सूरि गुरु, रचना शास्त्र अनेक ।
प्रतिबोधे श्रावक बहुत, ताके पट्ट विशेष ॥ ९ ॥
हुंबड श्रावक बाघडी, अट्ठारे हज्जार ।
जैन दयाधर्मी किये, वरते जय जयकार ॥ १०॥
दादा नाम विख्यात जस, सुर नर सेवक जास ।
दत्तसूरि गुरु पूजतां आनंद हर्ष उल्लास ॥ ११ ॥
दिल्लीमें पतसाहने, हुक्म उठाया शीस ।
मणिधारी जिनचंद गुरु, पूजो विसवाबीस ॥ १२ ॥
ताके पट्ट परंपरा, श्री जिनकुशलसूरींद ।
अकबरकों परचा दिया, दादा श्रीजिनचंद्र ॥ १३ ॥
ऐसे दादा च्यारको, पूजो चित्त लगाय ।
जल चंदन कुसुमादि कर, ध्वज सौगंध चढ़ाय ॥ १४ ॥

(चाल-दादा चिरं जीवो, ए देशी)

गुरुराज तणी कर पूजन,
भवि सुखकर मिलसी लच्छी घणी ॥ ए आंकणी ॥
गुरु दत्तसूरींद जग सुखकारी, गुरु सेवकने सानिध्यकारी ।
गुरु चरण कमलकी बलिहारी ॥ गु० ॥ १ ॥
संवत इग्यारे वार शशि, बत्तीसे जनम्या शुभ दिवसी ।
श्रावक कुल हुँबडने हुलसी ॥ गु० ॥ २ ॥
जसु वाछगसा पितु नाम भणे, वाहडदे माता हर्ष घणे ।
इकतालीसे दीक्षा पभणे ॥ गु० ॥ ३ ॥
गुणहत्तरे वल्लभ पाट धरी, गुरु मायाबीजनो जाप करी ।
गुरु जगमें प्रगट्या तरण तरी ॥ गु० ॥४॥
मणिधारी जिनचंद उपगारी, जिनदत्त सूरींदके पटधारी ।
भये दादा दूजा सुखकारी ॥ गु० ॥ ५ ॥
राशल पितु देल्हणदे माता, श्रीमाल गोत्र बोधन शाता ।
दिल्ली पतसाह सुगुण गाता ॥ ६ ॥
जसु चौथे पाट उद्योत करी, जिनकुशल सूरींद अति हर्ष भरी
तेरा सेंतीसे जन्म धरी ॥ गु० ॥

जसु जिल्ला जनक जगत्र जीयो, वर जैतश्री शुभ स्वपन लीयो
गुरु छाजेड गोत्र उद्धार कीयां ॥ गु० ॥ ८ ॥
धन सेंतालीसें दीक्ष धरी, जिनचंद सूरीश्वर पाट वरी ।
गुणहत्तरे सूरि मंत्र जाप करी ॥गु०॥९॥
सेवामें बावन वीर खरा, जोगणीयां चौंसठ हुक्म धरा ।
गुरु जगमें केइ उपकार करा ॥ गु० ॥ १० ॥
माणकसूरीश्वर पद छाजे, जिनचंद सूरि जगमें गाजे ।
भये दादा चौथा सुख काजे ॥ गु० ॥ ११ ॥
जिन चांद उगायो उजियालो, अम्मावसको पूनमवालो ।
सब श्रावक मिल पूजन चालो ॥ गु० ॥ १२ ॥
जिन अकब्बरको परचादीना, काजीकी टोपी वशकीना ।
बकरीका भेद कह्या तीना ॥ गु० ॥ १३ ॥
गंधोदक सुरभि कलश भरी, प्रक्षालन सद्गुरु चरन परी ।
या पूजन कवि ऋद्धिसार करी ॥ गु० ॥ १४ ॥

(श्लोक)

सुरनदीजलनिर्मलधारकैः,
प्रबलदुष्कृतदाघनिवारकैः ।

सकलमङ्गलवांछितदायकौ,
कुशलसूरिगुरोश्चरणौ यजे ॥१॥

ॐ ह्रीं श्रीं परमपुरुषाय परमगुरुदेवाय भगवते श्रीजिनशासनोद्दीपकाय श्रीजिनदत्त-सूरीश्वराय, मणिमण्डितभालस्थलाय श्रीजि-नचन्द्रसूरीश्वराय, श्रीजिनकुशलसूरीश्वराय, अकब्बरअसुरत्राणप्रतिबोधकाय श्रीजिनचन्द्र-सूरीश्वराय जलं निर्वपामि ते स्वाहा ॥१॥

द्वितीय केसर चंदन पूजा (२)

(दूहा)

केसर चंदन मृगमदा, कर घनसार मिलाप ।
परचा जिनदत्त सूरिका, पूज्यां तूटे पाप ॥ १ ॥

(चाल-वीण वाजे की)

दीनके दयाल राज, सार सार तूं ॥ आंकणी ॥
आये भरुअच्छ नग्र, धाम धूम धूं ।

बाजते निशान ठोर, हर्ष रंग हूं ॥ ह० ॥ दी० ॥ १ ॥
मुसलमान मुगलपूत, फोज मोज मूं ।
फोत मोत हो गया, हायकार सूं ॥ हा० ॥ दी ॥ २ ॥
सध्न विध्न देख आप, हुक्म दीन यूं ।
लावो मेरे पास आश, जीव दान दूं ॥ जी०॥दी॥ ॥३ ॥
मृतक पूत मंत्रसे, उठाया दीन तूं ।
देखके अचंभ रंग, दास खास कूं ॥ दा०॥ दी० ॥४॥
करत सेव भाव पूर, तूर्कराज जूं ।
छोडके अभक्ष्य खान, हाजरी भरुं ॥हा० ॥ दी० ॥५॥
बीज खीजके पडी, प्रतिक्रमणके मूं ।
हाथसे उठाय पात्र, ढांक दीन छूं ॥ ढां० ॥ दी० ॥६॥
दामिनी अमोल बोल, सिद्ध राज तूं ।
देउं वरदान छोड, बंध कीन क्यूं ॥ बं० ॥ दी ॥ ७ ॥
दत्त नाम जपत जाप, करत नांह चूं ।
फेर मैं पडूंगी नांह, छोड दीन फूं ॥ छो० ॥दी० ॥८॥
करांगे निहाल आप, पाव पलक नूं ।
रामऋद्धिसार दास, चरण छांह लूं ॥ च० ॥ दी० ॥९॥

(श्लोक)

मलयचन्दन–केसरवारिणा,
निखिलजाड्यरुजातपहारिणा ।
सकलमङ्गलवांछितदायकौ,
कुशलसूरिगुरोश्चरणौ यजे ॥१॥
ॐ ह्रीं श्रीं परमपुरुषाय परम०
केसर-चन्दनं निर्वपामि ते स्वाहा ॥२॥

अथ तृतीय पुष्प पूजा (३)

(दूहा)

चंपा चमेली मालती, मरुवा अरु मुचकुंद ।
जो चढे गुरु चरण पर, नित घर होय आनंद ॥१॥

(राग मोड-निंद तो गइ वादीला मारी, ए चाल)

गुरु परतिख सुरतरु रूप, सुगुरु सम दूजो तो नहीं ।
दूजो तो नहीं रे सुमति जन, दूजो तो नहीं ॥
गुरु परतिख सुरतरू रूप, सुगुरुने पूजो तो सही ॥ ए आंकणी॥
चित्तोड नगरी वज्रथंभमें, विद्या पोथी रही रे ॥ सु० ॥ वि०॥

हेजी मंत्र जंत्र विद्यासे पूरी, गुरु निज हांथ ग्रही ॥
सु० गु० ॥ गुरु पर० ॥ १ ॥
पुर उज्जेणी महाकालके, मंदिर थंभ कही रे ॥ सुभ० ॥
हेजी सिद्धसेन दिनकरकी पोथी,
विद्या सर्व लही रे ॥ सु० वि० ॥ गुरु पर० ॥२॥
उज्जेणी व्याख्यान बीचमें,
श्राविका रूप ग्रही रे ॥ सु० श्रा० ॥
हेजी जोगणीयां छलनेकों आई,
सबको खील दई ॥ सु०स० ॥ गु० ॥ ३ ॥
दीन हांथ जोगणीयां चौसठ,
गुरुकी दासी भयी रे ॥ सु० गु० ॥
हेजी सात दीये वरदान हरषसें,
पसर्या सुजश मही सु० प० ॥ गु० ॥ ४ ॥
पुष्पमाल गुरु गुणकी गुंथी,
चाढो चित्त चही रे ॥ सु० चा० ॥
हेजी कहे रामऋद्धिसार सुजसकी,
वूंटी आप दई सु० वू० ॥ गु० ॥ ५ ॥

(श्लोक)

कमल-चंपक-केतकिपुष्पकैः,
परिमलाहृतषट्पदवृन्दकैः ।
सकलमङ्गलवांछितदायकौ,
कुशलसूरिगुरोश्चरणौ यजे ॥१॥

ॐ ह्रीं श्रीं परमपुरुषाय, परम० पुष्पं निर्वपामि ते स्वाहा ॥ ३ ॥

अथ चतुर्थ धूप पूजा (४)

(दूहा)

धूप पूज कर सुगुरुकी, पसरे परिमल पूर ।
जस सुगंध जगमें बधे, चढे सवाया नूर ॥ १ ॥

(राग सोरठ-कुवजाने जादु डारा, ए चाल)

अंबिका बिरुद बखाणे, गुरु तेरो अंबिका० ।
तुम युग प्रधान नहीं छाने, गु० ॥ ए आंकणी ॥
गढ गिरनारपें अंबड श्रावक, ऐसो नियम चित्त ठाने ।
युगप्रधान इस जुगमें कोई,देखुंजन्म प्रमाणे॥गु०अं०॥१॥

कर उपवास तीन दिन बीते, प्रगटी अंबा ज्ञाने ।
प्रगट होय करमें लिख दीना, सुवरण अक्षर दाने ॥
गु० अं० ॥ २ ॥

या गुण संयुत अक्षर वांचे, ताकों युगवर जाने ।
अंबड मुलक मुलकमें फिरता, सूरि सकल पतवाने ॥
गु० अं० ॥ ३ ॥

आया पास तुम्हारे सद्गुरु, कर पसार दिखलाने ।
वासक्षेप उन ऊपर डाला, चेला बांच सुनाने ॥
गु० अं० ॥ ४ ॥

सर्व देव है दास जिनोंके, मरुधर कल्प प्रमाणे ।
युगप्रधान जिनदत्तसूरीश्वर, अंबड शीष झुकाने ॥
गु० अं० ॥ ५ ॥

उद्योतन सूरिने निज हाथे, चौरासी गच्छ ठाने ।
सो सब तुमरी सेवा सारे, चौरासी गच्छ माने ॥
गु० अं० ॥ ६ ॥

जो मिथ्यात्वी तुमको न पूजे, सो नहीं तत्त्व पिछाने ।
भद्रबाहु स्वामी तुम कीर्त्तन, कीनी ग्रंथ प्रमाणे ॥
गु० अं० ॥ ७ ॥

युगप्रधान परिकीरण गंडिका, गणधर पद वृत्ति माने ।
कहे रामऋद्धिसारगुरुकी, पूजा धूप कराने ॥गु०अं० ॥८॥

(श्लोक)

अगर–चन्दन–धूपदशांगजैः,
प्रसरिताऽखिलदिक्षु सुधूम्रकैः ॥
सकलमङ्गलवाञ्छितदायकौ,
कुशलसूरिगुरोश्चरणौ यजे ॥१॥

ॐ ह्रीं श्रीं परमपुरुषाय परम० धूपं निर्वपामि ते स्वाहा ॥ ४ ॥

अथ पंचम दीप पूजा (५)

॥ दूहा ॥

दीप पूज कर सुगुण नर, नित नित मंगल होत ।
उजयाला जगमें जुगत, रहे अखंडित ज्योत ॥ १ ॥

(चाल-ख्यालकी)

पूजन कीज्योजी नर नारी, गुरुमहाराजका हो । पू० ॥

॥ आंकणी ॥

सिंधु देशमें पंच नदी पर, साधे पांचों पीर ।
लोई[1] ऊपर पुरुष तिराये, ऐसे गुरु सधीर ॥ पू० ॥१॥
प्रगट होयके पांच पीरने, सात दीये वरदान ।
सिंधु देशमें खरतर श्रावक, होवेगा धनवान ॥ पू०॥२॥
सिंधु देश मुलतान नगरमें, बड़ा महोत्सव देख ।
अंबड और गच्छका श्रावक, गुरुसें कीना द्वेष ॥पू०॥३॥
अणहिलपुर पत्तनमें आवो, तो मैं जाणुं सच्चा ।
बड़े महोत्सव आवेंगे तू, निर्धन होगा कच्चा ॥पू० ॥४॥
पत्तन बीच पधारे दादा, सन्मुख निर्धन आया ।
गुरु बतलाया क्योंरे अंबड, अहंकार फल पाया ॥पू० ॥५॥
मनमें कपट कीया अंबडने, खरतर महिमा धारी ।
जहर दीया उन अशन-पानमें, गुरु विध[2] जाणी सारी
॥ पू० ॥ ६ ॥
भणसाली मुख वर श्रावकसे, निर्विष मुद्रा मंगाई ॥
जहर उतारा तब लोकोंमें, अंबड निंदा पाई ॥पू० ॥७॥
मरके व्यंतर हुवा वो अंबड, रजोहरण हर लीना ।
भणशाली व्यंतर वचनोंसें, गोत्र उतारा कीना ॥पू०॥८॥

१ कंबल, २. विधि कार्य ।

सज्ज होय गुरु आंधा लेके, गोत्र बचाया सारा।
ऋद्धिसार महिमा सद्गुरुकी दीपककाउजियारा ॥पू०॥९॥

श्लोक

अतिसुदीप्तिमयैः खलु दीपकै-
र्विमलकाञ्चनभाजनसंस्थितैः।
सकलमङ्गलवाञ्छितदायकौ,
कुशलसूरिगुरोश्चरणौ यजे ॥१॥

ॐ ह्रीं श्रीं परमपुरुषाय परम० दीपं निर्वपामि ते स्वाहा ॥ ५ ॥

अथ षष्ठ अक्षत पूजा (६)

(दूहा)

अक्षत पूजा गुरु तणी करो महाशय रंग।
क्षति न होवे अंगमें, जीते रणमें जंग ॥ १ ॥

(राग-आशावरी)
(अवधू सो जोगी गुरु मेरा-ए चाल)

रतन अमोलख पायो, सुगुरु सम रतन अमोलख पायो।
गुरु संकट सबही मिटायो, सु० ॥ ए आंकणी ॥

विक्रमपुर नगरी लोकनकों, हैजा रोग सतायो ।
बहोत उपाय कीया शांतिकका, ज़रा फ़रक नहीं आयो
॥ सुगुरु सम रतन० ॥१॥
जोगी जङ्गम ब्रह्म संन्यासी, देवी देव मनायो ।
फरक नहीं किनहीने कीना, हाहाकार मचायो ॥सु०॥२॥
रतन चिंतामणि सरिखो साहिब, विक्रमपुरमेंआयो ।
जैन संघका कष्ट दूर कर जय, जयकार वरतायो ॥सु०॥३॥
महिमा सुण माहेश्वर ब्राह्मण, सबही शीष नमायो ।
जीवित दान करो महाराजा, गुरु तब यों फरमायो ॥सु०॥४॥
जो तुम समकित व्रतको धारो अब ही कर दूं उपायो ।
तहत वचन कर रोग मिटाया, आनंद हर्ष वधायो ॥सु० ॥५॥
जो कोई श्रावक व्रत नहीं धार्यो, पुत्री पुत्र चढायो ।
साधु पांचसे दीक्षित कीना, साधवियां समुदायो ॥सु० ॥६॥
मंत्रकला गुरु अतिशय धारी, ऐसो धर्म दीपायो ।
ऋद्धिसार पर किरपा कनी, साचो इलम बतायो ॥सु०॥७॥

(श्लोक)

सरलतन्दुलकैरतिनिर्मलैः,
प्रवरमौक्तिकपुञ्जवदुज्ज्वलैः ।

सकलमङ्गलवाञ्छितदायकौ,
कुशलसूरिगुरोश्चरणौ यजे ॥१॥
ॐ ह्रीं श्रीं परमपुरुषाय परम० अक्षतं निर्वपामि ते स्वाहा ॥ ६ ॥

अथ सप्तम नैवेद्य पूजा (७)

(दूहा)

नैवेद्य पूजा सातमी, करो भविक चित चाव ।
गुरु गुण अगणित कुणगिणे, गुरु भव तारण नाव ॥१॥

(राग—कल्याण)

(तेरी पूजा बणी है रसमें, ए चाल)

गुरु किया असुरको वशमें, हो गुरु० ॥ ए आंकणी ॥
बडनगरीमें आप पधारे, सांमेला धसमसमें ।
ब्राह्मण लोक बडे अभिमानी, मिलकर आया सुसमें
हो गुरु० ॥ १ ॥
महिमा देख सक्या नहीं गुरुकी, भरे मिथ्यात्वी गुसमें ।
मृतक गउ जिनमन्दिर आगे, रख दी सनमुख चसमें ॥
हो गुरु० ॥२॥

श्रावक देख भये आकुलता, कहे गुरूसे कसमें ।
चिंता दूर करो है संघकी, गउ उठ चाली डसमें ॥
हो गुरू० ॥३॥
मरी गउकों जीती कीनी, लोक रह्या सब हसमें ।
जाके गाय पडी रुद्रालय, संघ भया सब खुसमें ॥
हो गुरु० ॥४॥
ब्राह्मण पांव पड्या सब गुरुके, देख तमासा इसमें ।
हुकम उठावेंगे सिर ऊपर, तुम संततिकी दिशमें ॥
हो गुरु० ॥५॥
नमस्कार है चमत्कारकों, कीनी पूजा रसमें ।
कहे राम ऋद्धिसार गुरुकी, आनंद मंगल जसमें ॥
हो गुरु० ॥६॥

(श्लोक)

बहुविधैश्चरुभिर्वटकैर्यकैः,
प्रचुरसर्पिषि वक्व सुखज्जकैः ।
सकलमङ्गलवांछितदायकौ,
कुशलसूरिगुरोश्चरणौ यजे ॥१॥

ॐ ह्रीं श्रीं परमपुरुषाय परम० नैवेद्यं निर्वपामि ते स्वाहा ॥ ७ ॥

अथ अष्टम फल पूजा (८)

(दूहा)

फल पूजासे फल मिले, प्रगटे नवे निधान ।
चिहुं दिशि कीर्ति विस्तरे, पूजन करो सुजान ॥१॥

(रथ चढ यदुनन्दन आवत है—ए चाल)

चालो संघ सब पूजनकों,
गुरु समर्या सन मुख आवत हे रे; चा० ॥ ए आंकणी ॥
आनंदपुर पट्टनको राजा, गुरु शोभा सुण पावत हे रे, चा० ।
भेज्या निज परधान बुलाने, नृप अरदास सुणावत हे रे ॥
चालो० ॥ १ ॥
लाभ जान गुरु नगर पधारे, भूपति आय बधावत हे रे, चा० ।
राजकुमरको कुष्ठ मिटायो, अचरज तुरत दिखावत हे रे ॥
चालो० ॥ २ ॥
दश हजार कुटुंब संघ नृपको, श्रावक धर्म धरावत हे रे ॥
प्रतापगढको पमार राजा, पुरमें गुरु पधरावत हे रे, ॥
चालो० ॥ ३ ॥
दयामूल आज्ञा जिनवरकी, बारह व्रत उचरावत हे रे, चा० ।
ऐसे चार राज समकित धर, खरतर संघ बनावत हे रे ॥
चालो० ॥ ४ ॥

कुष्ठ जलंदर क्षयी भगंदर, कइयक लोक जीवावत हे रे, ॥
चालो० ॥ ५ ॥
तीस हजार एक लख श्रावक, महिमा अधिक रचावत हे रे, चा०
कहत राम ऋद्धिसार गुरुकी, फल पूजा फल पवत हे रे ॥
चालो० ॥ ५ ॥

(श्लोक)

पनस–मोच–सदा फल–कर्कटैः,
सुसुखदैः किल श्रीफल–चिर्भटैः ।
सकलमङ्गलवांछितदायकौ,
कुशलसूरिगुरोश्चरणौ यजे ॥१॥
ॐ ह्रीं श्रीं परमपुरुषाय, परम० फलं निर्वपामि ते स्वाहा ॥८॥

अथ नवम वस्त्र पूजा (९)

॥ दूहा ॥

वस्त्र अतर पूजना, चोवा चंदन चंपेल ।
दुश्मन सब सज्जन हुवे, करे सुरंगा खेल ॥ १ ॥

(मनडो किमही न बाजे हो कुंथुजिन—ए चाल)

लखमी लीला पावे रे सुन्दर, लखमी लीला पावे ।
जे गुरु वस्त्र चढावे रे सुं०, सुजस अतर महकावे रे सु०
दुर्जन शीस नमावे रे सुं०, ए ॥ आंकणी ॥
दरिया बीच जहाज श्रावककी, डूबण खतरे आवे ।
साचे मन समरे सद्गुरुको, दुःखकी टेर सुणावे रे ॥
सुं ॥ १ ॥
वाचंता व्याख्यान सूरीश्वर, पंखी रूपे थावे ।
जाय[1] समंदमें जहाज तिराई, फिर पीछा जय आवे रे ॥
सु० ॥ २
पूछे संघ अचरजमें भरीयो, गुरु, सब बात सुणावे ।
ऐसे दादा दत्त-कुशल गुरु, परचा प्रकट दिखावे रे ॥
सुं० ॥ ३ ॥
बोथर गूजरमल श्रावककी, दादा कुशल तिरावे ।
सुखसूरि गुरु समयसुंदरकी, जहाज अलोप दिखावे रे ॥
सुं० ॥४ ॥
बारेसे इग्यारे दत्तसूरि, अजमेर अनसण ठावे ।

१ समुद्रमें ।

उपज्या सौधर्मा देवलोके, सोमंधर फरमावे रे ॥
सु० ॥ ५ ॥
इक अवतारी, कारज सारी, मुक्ति नगरमें जावे ।
कुशलसूरि देराउर नगरे, भुवनपति सुर थावे रे ॥
सु० ॥ ६ ॥
फागण वदि अम्मावस सीधा, पूनम दरश दिखावे ।
मणिधारी दिल्लीमें पूज्यां, संकट सुपने नावे रे ॥
सु० ॥ ७ ॥
रथी[1] उठी नहीं देख बादसाह, वांही चरण पधरावे ।
वस्त्र अतर पूजा सदगुरुकी, ऋद्धिसार मन भावे रे ॥
सु० ॥७॥

अखिलहीरशुभैर्नवचीरकैः,
प्रवरप्रावरणैः खलु गन्धतैः ।
सकलमङ्गलवांछितदायकौ,
कुशलसूरिगुरोश्चरणौ यजे ॥१॥

ॐ ह्रीं श्रीं परमपुरुषाय परम० वस्त्रं चोवा-चन्दन-पुष्पसारं निर्वपामिते स्वाहा ॥६॥

[1] मांडवी-मंढो ।

अथ दशम ध्वज पूजा (१०)

(दूहा)

ध्वज पूजा गुरुराजकी, लहके पवन प्रचार ।
तीन लोकके शिखर पर, पहुँचे सो नर नार ॥ १ ॥

(जिन गुण गावत सुर सुंदरी रे-ए चाल)

ध्वज पूजन कर हरख भरी रे, ध्व० ॥ आंकणी ॥
सज सोले शिणगार साहेल्यां, श्री सद्गुरुके द्वार खरी रे ।
अपच्छर रूप सुतन सुत लिनी, ठम ठम पग झणकार करी रे ॥
ध्व० ॥ १ ॥
गावत मंगल देत प्रदक्षिणा, धन धन आनंद आज धरी रे ।
निर्धनको लखमी बखसावत, पुत्र विना जाके पुत्र करी रे ॥
ध्व० ॥ २ ॥
जो जो परतिख परचा देख्या, सुणो भविक दिल बीच धरीरे ।
फतेमल्ल भडगयीया श्रावक, पहली शंका जोर करी रे ॥
ध्वज० ॥ ३ ॥
परतिख देखुं तब मैं जानुं, प्रगट्या ततखिण तरण तरी रे ।
पुष्पमाला सिर केसर टीका, अधर श्वेत पोशाक करी रे ।
ध्व० ॥ ४ ॥

माँग माँग वर बोले वाणी, फरक बतावो गुरु मेघ झरी रे।
फरक उगायो दोय लाख पर, तेरी महिमा नित हरी रे ॥
ध्व० ॥ ५ ॥

गैनचंद गोलेच्छाको तें, परतिख दीना दरस फरी रे।
विक्रमपुरमें थंभ तुमारा, चित्र करावत सुरसुंदरी रे ॥
ध्व० ॥ ६ ॥

थानमल्ल लुणिया पर किरपा, लखमी लीला सहज वरी रे।
लखमीपति दूगडकी साहिब, हुंडीकी भुगतान करी रे ॥
ध्व० ॥ ७ ॥

जो उपगार कर्या तें मेरा, दीनी सनमुख अमृत झरी रे।
तेरी कृपासे सिद्धि पाई, जागे जस अरु भाग भरी रे ॥
ध्व० ॥ ८ ॥

भूखा भोजन तिसिया पानी, भरत हाजरी देव परी रे।
विषम वखत पर सहाय हमारी, ऋद्धिसारकी गरज सरी रे॥
ध्व० ॥ ९ ॥

श्लोक

मृदुमधुरध्वनिकिङ्किणीनादकै—
र्ध्वजविचित्रितविस्तृतवासकैः।

सकलमङ्गलवाञ्छितदायकौ,
कुशलसूरिगुरोश्चरणौ यजे ॥१॥
ॐ ह्रीं श्रीं परमपुरुषाय परम० शिखरो-
परिध्वजां आरोपयामि स्वाहा ॥१०॥

अथ अर्घ्य पूजा-कलश (११)

(दूहा)

भट्टारक पदवी मिले, जीते वादी वृन्द ।
कंठ विराजत सरस्वती, जगमें श्री जिनचंद ॥

(राग-आशावरी अथवा धन्याश्री)

पूजा जग सुखकारी सुगुरु तेरी पूजा० ।
तेरे चरण कमल बलिहारी ॥ सु० ॥ आंकणी ॥
साह सलीम दिल्लीको बादमाह, सुणके शोभ तिहारी ।
भट्ट हरायो चरचा करके, भट्टारक पद धारी ॥सु० ॥१॥
अम्मावसकी पूनम कीनी, चंद उगायो भारी ।
चढके गगन करी है चरचा, सूरजसे तप धारी ॥सु०॥२॥
चौदासौ उगणीस सालमें, लखनउ नगर मझारी ।
गोरा फिरंगी टोपीवाला, दिलमें यह बात विचारी ॥
सु० ॥३॥

जैनश्वेतांबर देव जो सच्चा, पूरे मनसा हमारी ।
वाणी निकसी राज्य तुमारा, होवेगा अधिकारी ॥
सु० ॥४॥

अंधेकी खोली आंख सुरतमें, पूजे सब नर नारी ।
कहां लग गुण वरणुँ मैं तेरा, तूं ईश्वर जयकारी ॥सु०॥५॥
उगणीसे संवत्सर तेपन, मिगसर मास मझारी ।
शुक्ल दूज जिनचंदसूरीश्वर, खरतरगच्छ आचारी ॥
सु० ॥६॥

कुशलसूरिके निज संतानी, क्षेमकीर्ति मनोहारी ।
प्रतिबोध्या जिन क्षत्री पाँचसे, जान[1] सहित अनगारी ॥
सु० ॥७॥

क्षेमधाड़ शाखा जब प्रगटी, जगमें आनंदकारी ।
धर्मशील साधु गुण पूरे, कुशलनिधान उदारी ॥सु०॥८॥
या पूजन करतां सुख आनंद, धन धन लखमी सारी ।
कहत राम ऋद्धिसार गुरुकी, जय जय शब्द उचारी ॥
सु० ॥९॥

* दादा साहबकी बड़ी पूजा समाप्त *

१ जान-बरात ।

आरती

जय जय गुरु देवा २, आरती मंगला मेवा, आनंद सुख लेवा ॥
जय जय० ॥आंकणी॥

इक व्रत दुय व्रत, तीन चार व्रत, पंचम व्रत सोहे ।
जगत जीव निसतारण, सुर नर मन मोहे ॥ ज० ॥१॥

दुःख दोहग सब हर कर सद्गुरु, राजन प्रतिबोधे ।
सुत लखमी वर दे कर, श्रावक कुल सोधे ॥ ज०॥ २॥

विद्या पुस्तक धर कर सद्गुरु, मुगल पूत तारे ।
वश कर जोगण चौसठ, पांच पीर सारे ॥ ज० ॥३॥

बीज पडंती वारी सद्गुरु, समंद[1] जहाज तारी ।
वीर कीये वश बावन, प्रगटे अवतारी ॥ ज० ॥४॥

जिनदत्त जिनचंद कुशलसूरि गुरु, खरतर गच्छ राजा ।
चौरासी गच्छ पूजे, मन वांछित ताजा ॥ ज० ॥५॥

मन शुद्ध आरती कष्ट निवारण, सद्गुरुकी कीजे ।
जो माँगे सो पावे जगमें जस लीजे ॥ ज ॥ ६ ॥

विक्रम पुर[2] में भगत तुमारो, मंत्र कलाधारी ।
नित उठ ध्यान लगावत, मन वंछित फल पावत,
रामऋद्धिसारी ॥ जय० ॥ ७ ॥

॥ इति आरती ॥

१ समुद्रमें । २ बीकानेर

श्री दादाजी महाराज की

अष्टप्रकारी पूजा

॥ अथ प्रतिष्ठा ॥

सकलगुणगरीष्ठान् सत्तपोभिर्वरिष्ठान् ।
शमदमयमतुष्टाँश्चारुचारित्रनिष्ठान् ॥
निखिलजगति पीठे दर्शितात्मप्रभावान् ।
मुनीपकुशलसूरीन् स्थापयाम्यत्र पीठे ॥१॥

ॐ ह्रीं श्रीं श्रीजिनकुशलसूरिगुरो अत्रावतरावतर स्वाहा ॐ ह्रीं श्रीं श्रीजिनकुशलसूरे अत्र तिष्ठ ठः ठः स्वाहा ॥

॥ इति प्रतिष्ठापन ॥

॥ अथ संनिधिकरणम् ॥

ॐ ह्रीं श्रीं श्रीजिनकुशलसूरिगुरो अत्र मम सन्निहितो भव वषट् ॥

॥ इति सन्निधिकरणम् ॥

॥ अथ लघु अष्टप्रकारी पूजी ॥

(१) अथ जल पूजा

सुरनदीजलनिर्मलधारया ।
प्रबलदुष्कृतदाघनिवारया ॥
सकलमङ्गलवांछितदायकं,
कुशलसूरिगुरोश्चरणं यजे ॥१॥
ॐ ह्रीं श्रीं श्रीजिनकुशलसूरिगुरुचरण-
कमलेभ्यो जलं यजामहे स्वाहा ॥

(२) अथ चन्दन पूजा

मलयचंदनकेशरवारिणा ।
निखिलजाड्यरुजातपहारिणा ॥
सकलमङ्गलवाञ्छितदायकं,
कुशलसूरिगुरोश्चरणं यजे ॥१॥
ॐ ह्रीं श्रीं श्रीजिनकुशलसूरिगुरुचरण-
कमलेभ्योश्चंदनं यजामहे स्वाहा ॥

(३) अथ पुष्प पूजा

कमलकेतकिचंपकपुष्पकैः ।
परिमलाहतषट्पदवृंदकैः ॥
सकलमङ्गलवांछितदायकं ।
कुशलसूरिगुरोश्चरणं यजे ॥१॥
ॐ ह्रीं श्रीं श्रीजिनकुशलसूरिगुरोश्चरणकमलेभ्यो पुष्पं यजामहे स्वाहा ॥

(४) अथ अक्षत पूजा

सरलतन्दुलकैरतिनिर्मलैः ।
प्रवरमौक्तिकपुञ्जवहूज्वलैः ॥
सकलमङ्गलवांछितदायकं ।
कुशलसूरिगुरोश्चरणं यजे ॥१॥
ॐ ह्रीं श्रीं श्रीजिनकुशलसूरिगुरोश्चरणकमलेभ्यो अक्षतं यजामहे स्वाहा ॥

(५) अथ नैवेद्य पूजा

बहुविधैश्चरुभिर्बटकेयकैः ।
प्रवरमोदमपुञ्जसुखार्जकैः ॥
सकलमङ्गलवांछितदायकं ।
कुशलसूरिगुरोश्चरणं यजे ॥१॥

ॐ ह्रीं श्रीं श्रीजिनकुशलसूरिगुरोश्चरणकमलेभ्यो नैवेद्यं यजामहे स्वाहा ॥

(६) अथ दीप पूजा

अतिसुदीप्तमयैः खलुदीपकैः
विमलकांचनभाजनसंस्थितैः ॥
सकलमङ्गलवांछितदायकं ।
कुशलसूरिगुरोश्चरणं यजे ॥६॥

ॐ ह्रीं श्रीं श्रीजिनकुशलसूरिगुरोश्चरणकमलेभ्यो दीपं यजामहे स्वाहा ॥

(७) अथ धूप पूजा

अगरचंदनधूपदशाङ्गजै ।
प्रसरितारिखिलदिक्षुसुधूम्रकैः ॥
सकलमंगलवांछितदायकं ।
कुशलसूरिगुरोश्चरणं यजे ॥१॥
ॐ ह्रीं श्रीं श्रीजिनकुशलसूरिगुरोश्च-
रणकमलेभ्य धूपं यजामहे स्वाहा ॥

(८) अथ फल पूजा

परसमोचनसदाफलकर्कटैः ।
सुसुखदैः किल श्रीफलचिर्भटैः ।
सकलमंगलवांछितदायकं ।
कुशलसूरिगुरोश्चरणं यजे ॥१॥
ॐ ह्रीं श्रीं श्रीजिनकुशलसूरिगुरोश्च-
रणकमलेभ्योः फलं यजामहे स्वाहा ॥

(६) अथ अर्घ्य पूजा

जलसुगंधप्रसूनसुतंदुलै-
श्चरुप्रदीपकधूपफलादिभिः ।
सकलमंगलवांछितदायकं
कुशलसूरिगुरोश्चरणं यजे ॥१॥

ॐ ह्रीं श्रीं श्रीजिनकुशलसूरिगुरोश्चर-
णकमलेभ्यो अर्घ्यं यजामहे स्वाहा ॥ इति ॥

॥ श्री दादाजी की अष्टप्रकारी पूजा सम्पूर्ण ॥